न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर खरतवासिया

अनुवान जयसिंह आदि बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना–पत्र संख्या – 285 / 2025

निर्णय दिनांक 05/07/2025

1. जयसिंह पुत्र विमला देवी पत्नी लक्ष्मीनारायण जाति जाट निवासी चलकोई खिचड़ान तहसील तारानगर जिला चूरू
2. प्रमेश्वरी पत्नी हनुमानसिंह जाति जाट निवासी चलकोई खिचड़ान तहसील तारानगर जिला चूरू
3. रोहिताष पुत्र विमलादेवी पत्नी लक्ष्मीनारायण जाति जाट निवासी चलकोई खिचड़ान तहसील तारानगर जिला चूरू
4. सुमन पुत्री विमलादेवी पत्नी लक्ष्मीनारायण जाति जाट निवासी चलकोई खिचड़ान तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थीगण द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर खरतवासिया में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 20 खसरा नं. 109 तादादी 2.2508 हैक्ट., ख.नं. 63 तादादी 0.6955 हैक्ट., ख.नं. 73 तादादी 10.8621 हैक्ट. कृषि भूमि रोही मौजा चलकोई खिचड़ान में सहखातेदार दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त खाता संख्या में प्रार्थीगण का निवास स्थान चलकोईबिकान दर्ज है जो कि गलत है सही निवास स्थान चलकोई खिचड़ान है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्धि कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में संबंधित पटवारी हल्का ने प्रार्थीगण का निवास स्थान चलकोई खिचड़ान किये जाने की अभिशंषा की गई है।

अतः कृषि भूमि रोही ग्राम चलकोई खिचड़ान तहसील तारानगर के 20 खसरा नं. 109 तादादी 2.2508 हैक्ट., ख.नं. 63 तादादी 0.6955 हैक्ट., ख.नं. 73 तादादी 10.8621 हैक्ट. भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थीगण का निवास स्थान चलकोई बिकान Delete कर इसके स्थान पर चलकोई खिचड़ान अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 05/07/2025 को कैम्प कोर्ट खरतवासिया में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)

Rajendra

(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)